14/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

भारतीय संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर विशेष चर्चा आज लोकसभा में फिर शुरू हुई। चर्चा में भाग लेते हुए संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने संविधान निर्माण में डॉक्टर भीम राव आम्बेडकर के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संविधान की भावना के अनुरूप सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ काम कर रहे हैं। श्री किरेन रिजिजु ने कहा कि देश ने स्वतंत्रता के बाद प्रत्येक नागरिक के लिए समान अधिकार सुनिश्चित किए हैं। उन्होंने कहा कि देश में अल्पसंख्यकों के साथ कोई भेदभाव नहीं हो रहा है और अल्पसंख्यकों को कानूनी संरक्षण प्राप्त है। संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि देश में छह अल्पसंख्य समुदायों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है।

0000000000000000000

नाहरलागुन के एक स्कूल में आज सुबह ओवरहेड टैंक गिरने से तीन छात्रों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। नाहरलागुन के पुलिस अधीक्षक मिहिन गाम्बो ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 9 बजे सेंट अल्फोंसा स्कूल में हुई। इस बीच, पुलिस ने स्कूल भवन के मालिक, प्रिंसिपल और चार वार्डन सहित छह लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि, इस त्रासदी की गहन और निष्पक्ष जांच अभी

जारी हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

0000000000000000000

तोमो रीबा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज (TRIHMS), नाहरलागुन के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में वायरल रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लेबोरेटरी (VRDL) की स्थापना से वायरल एजेंटों का समय पर पता लगाने और महामारी के प्रकोप से लड़ने में मदद मिलेने उम्मीद हैं। इस सुविधा का उद्घाटन करते हुए, RGU के कुलपति, प्रोफेसर एस.के. नायक ने TRIHMS द्वारा VRDL की स्थापना पर संतोष व्यक्त किया और भविष्य में किसी भी महामारी का समय पर पता लगाने और उसके रोकथाम में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। TRIHMS के निदेशक डॉ. मोजी जिनी ने इस प्रतिष्ठित प्रयोगशाला की स्थापना में माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. मीका उम्पो के अथक प्रयास की सराहना की।

0000000000000000000

गत शुक्रवार को खोंसा में जिला स्तरीय समन्वय सह विकास बैठक की अध्यक्षता करते हुए, राज्य के पर्यावरण एवं वन, भूविज्ञान और DoTCL मंत्री वांगकी लोवांङ ने परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अंतर-विभागीय सहयोग पर जोर दिया है, साथ ही सभी सरकारी अधिकारियों से जन सेवा के हित में समर्पण के साथ कड़ी मेहनत करने का आग्रह किया है। श्री लोवांङ ने स्वास्थ्य, शिक्षा, स्थायी आजीविका

और शहरी विकास क्षेत्रों को प्राथमिकता देने पर जोर देने के साथ ही नीतिगत पहलों के माध्यम से बेरोजगारी और युवाओं को सशक्त बनाने पर भी जोर दिया। इस बैठक में सांसद वांगलिन लोवांङडोंङ, वांङलाम साविन और चाकत अबोह सहित तिरप के डिप्टी कमिश्नर टेचू आरान और एसपी सिंगजातला सिंगफो समेत अन्य लोग शामिल हुए।

0000000000000000000

लोअर सुबनसिरी जिला पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग द्वारा गत शुक्रवार को जीरो के 18 मिथुन पालकों के एक समूह को नागालैंड के मेडजीफेमा में राष्ट्रीय मिथुन अनुसंधान केंद्र (एनआरसीएम) के टूर पर ले जाया गया। इस समूह को एनआरसीएम फार्म के चारों ओर टूर करया गया, जहाँ उन्हें मिथुन प्रबंधन की सेमी इन्टेन्सिव सिस्टम से परिचित कराया गया। किसानों के साथ बातचीत में एनआरसीएम के निदेशक डॉ. गिरीश पाटिल ने अन्य वैज्ञानिकों के साथ मिथुन पालकों के सामने आने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें मिथुन में होने वाली फुट एंड माउथ डिजीज के खिलाफ टीकाकरण के महत्व, उच्च गुणवत्ता वाले प्रजनन बैलों को रखने की आवश्यकता और मिथुन पालन के अन्य पहलुओं पर जोर दिया गया।

0000000000000000000

भारतीय सेना की स्पीयर कोर ने ‘ऑपरेशन सद्भावना’ के तहत धार्मिक और तीर्थ यात्रा की शुरूआत की जिसके अनुरूप, ऑपरेशन सद्भावना के तहत 3 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट

जनरल अभिजीत एस. पेंढारकर ने आज लिकाबाली सैन्य स्टेशन से 20 तीर्थयात्रियों के लिए एक राष्ट्रीय एकता यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इसका उद्देश्य एकता, सद्भाव और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने हैं। सेना के चल रहे प्रयासों पूर्वी कमान के स्पीयर कोर द्वारा आयोजित इस पहल का उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को जोड़कर सांस्कृतिक और धार्मिक समझ को बढ़ावा देना है। यह यात्रा तूतिंङ से तवांग तक की आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण यात्रा को कवर करेगी, जिससे तीर्थयात्री अरुणाचल की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का अनुभव कर सकेंगे।

0000000000000000000

ईटानगर एसपी रोहित राजबीर सिंह ने गत शुक्रवार को बताया कि, ईटानगर पुलिस ने 14 वर्षीय लड़की का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कथित अपराधी की पहचान तापोर मारा उर्फ देव मारा के रूप में हुई है, जिसने असम की नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया, यह लड़की पिछले कुछ महीनों से उसके घर में काम कर रही थी। आरोपी पेशे से ड्राइवर हैं जो युपिया-III का निवासी हैं। मारा के खिलाफ ईटानगर महिला पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 65(1)/351(3) और पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

0000000000000000000

इसी के साथ समाचार बुलेटिन समाप्त हुए नमस्कार